यूनाइटेड किंगडम (यूके) 1958 से भारत को द्विपक्षीय विकास सहायता प्रदान करता आ रहा है। यह सहायता स्वास्थ्य, शिक्षा, स्लम विकास आदि के क्षेत्रों में मुख्यतः मिलेनियम विकास लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्राप्त की जाती है। वर्ष 2015-16 के दौरान डीएफआईडी से कुल संवितरण ₹ 224 करोड़ बैठता है।

VI. संयुक्त राज्य अमरीका (यूएसए)

भारत को संयुक्त राज्य अमरीका की द्विपक्षीय सहायता 1951 में शुरू हुई। यह सहायता मुख्यतया अमरीकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) के मार्फत संचालित होती है। वर्ष 2015-16 के दौरान संयुक्त राज्य अमरीका से सहायता का कुल संवितरण अनुदान के रूप में ₹ 5 करोड़ है।

ख. बहुपक्षीय

I. एशियाई विकास बैंक (ए.डी.बी.)

एडीबी 1966 में स्थापित एक मुख्य वित्तीय संस्था है और भारत एडीबी का संस्थापक सदस्य है। हमारे संसाधनों को विस्तृत करने के लिए 1986 में एडीबी से उधार लेने का निर्णय लिया गया था।

एडीबी की परियोजनाएं शहरी, परिवहन, विद्युत, ग्रामीण विकास इत्यादि जैसे क्षेत्रों में फैली हैं। सरकारी खाते पर वर्तमान एडीबी ऋणों की संख्या 71 है। सरकारी खाते पर एडीबी सहायता के जरिए चल रही प्रमुख परियोजनाएं हैं- 'राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम; और बिहार राज्य राजमार्ग परियोजना। 2015-16 के दौरान एडीबी से संवितरण संअ. 2015-16 के ₹7,845 करोड़ के मुकाबले ₹5,899 करोड़ है। बअ 2016 का अनुमान ₹9,760 करोड़ है।

एडीबी भारतीय रिजर्व बैंक की रुपए प्रतिभूतियां रखता है, जिनका समय-समय पर भारत में इसके रुपए व्यय को पूरा करने के लिए इसके द्वारा नकदीकरण किया जा सकता है।

II. यूरोपीय संघ(ईयू)

यूरोपीय संघ भारत को अनुदानों के रूप में विकास सहायता प्रदान करता रहा है। यह वर्तमान में पर्यावरण, लोक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे प्राथमिकता प्राप्त सेक्टरों में अनुदान दे रहा है। भारत सरकार के मुख्य कार्यक्रम जिन्हें अन्य विकास भागीदारों के साथ यूरोपीय संघ से सहायता प्राप्त हुई है/हो रही है इनमें सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन/बाल प्रजनन स्वास्थ्य (आरसीएच) शामिल हैं। 2015-16 के दौरान इसने ₹288 करोड़ संवितरित किए हैं।

III. वैश्विक निधि संगठन

वैश्विक निधि एड्स, तपेदिक और मलेरिया से मुकाबला करने के लिए है। वैश्विक निधि/जीएफएटीएम एक अन्तरराष्ट्रीय संगठन है जिसका उद्देश्य एचआईवी तथा एड्स, तपेदिक और मलेरिया से बचाव व उपचार हेतु अतिरिक्त संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस संगठन ने जनवरी 2002 में प्रचालन शुरू किया था। भारत में जीएफएटीएम से सहायता प्राप्त कार्यक्रमों का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वयन किया जाता है।

इस समय वैश्विक निधि की सहायता से निष्पादित की जा रही 9 परियोजनाएं हैं। वर्ष 2015-16 के दौरान वैश्विक निधि के साथ 550.87 मिलियन अमरीकी डालर के तीन नए करार हस्ताक्षरित किए गए थे जो इस प्रकार हैं- 'इंक्रिजिंग एक्सेस एण्ड प्रोमोटिंग कम्प्रेहेंसीव केयर', 'सपोर्ट एंड ट्रिटमेंट, गहन मलेरिया नियंत्रण परियोजना-3" और 'तपेदिक"। 2015-16 के दौरान, जीएलएफ द्वारा अनुदान के रूप में ₹1,210.92 करोड़ संवितरित किए गए हैं।

IV. अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (आईएफएडी)

अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास निधि की स्थापना संयुक्त राष्ट्र की 13वीं विशिष्ट एजेन्सी के रूप में 1977 में की गई थी। आईएफएडी ने कृषि, ग्रामीण विकास, जनजातीय विकास, महिला सशक्तीकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और ग्रामीण वित्त व्यवस्था के क्षेत्रों में सहायता दी है।

आईएफएडी सहायता के माध्यम से चल रही कुछ प्रमुख परियोजनाएं हैं-समेकित आजिविका सहायता परियोजना और झारखंड जनजातीय सुधार एवं आजीविका परियोजना। वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान आईएफएडी संअ. 2015-16 के ₹ 332 करोड़ के मुकाबले ऋण के रूप में ₹ 164.86 करोड़ संवितरित किए हैं। ब.अ. 2016-17 का अनुमान ₹ 431 करोड़ है।

V. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.)

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) का समग्र मिशन स्थायी मानव विकास में क्षमता विकास के जरिए कार्यक्रम वाले देशों की सहायता करना है। वर्तमान देश कार्यक्रम (सीपी) में चार यूएनडीएएफ निष्कर्षों अर्थात् समावेशी विकास, अभिशासन, स्थायी विकास और महिला-पुरूष समानता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह देश कार्यक्रम आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों पर केंद्रित है। 2013-2017 हेतु भारतीय देश कार्यक्रम के लिए कुल संसाधन आबंटन 243.4 मिलियन अमरीकी डालर बैठता है।

VI. विश्व बैंक समूह

विश्व बैंक संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसियों में से एक है। भारत विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए आईबीआरडी तथा आईडीए के माध्यम से विश्व बैंक से निधियां प्राप्त करता रहा है।

VI(क). अंतरराष्ट्रीय पुनर्निमाण तथा विकास बैंक (आईबीआरडी)

भारत 1949 से आईबीआरडी से सहायता प्राप्त कर रहा है। आईबीआर डी ऋण हालांकि गैर रियायती हैं, वाणिज्यिक संसाधनों हेतु अपेक्षाकृत अनुकूल शर्तों पर दिया जाता है। आईबीआरडी सॉवरेन ऋणों को मुख्यतया अवसंरचना परियोजनाओं और गरीबी उन्मूलन, ग्रामीण विकास और मानव संसाधन विकास आदि के लिए प्रयुक्त किया जाता है। आईबीआरडी का लक्ष्य ऋणों, गारंटियों और गैर ऋण सेवाओं के जरिए सम्पोषणीय विकास को बढ़ावा देकर गरीबी कम करना है।

वर्तमान संवितरण ऋणों की संख्या 34 है। 951.50 मिलियन अमरीकी डालर की 4 नई परियोजनाएं 2015-16 में हस्ताक्षरित की गई थी, जो इस प्रकार हैं- 'पंजाब ग्रामीण जल और स्वच्छता क्षेत्र सुधार परियोजना', 'तमिलनाडु संपोषणीय शहरी विकास परियोजना', तमिलनाडु सड़क क्षेत्र परियोजना-II' और 'राष्ट्रीय जलमार्गों की प्रस्तावित क्षमता वर्धन की तैयार'।

आईबीआरडी की सहायता के जरिए चल रही कुछ परियोजनाएं हैं-राष्ट्रीय राजमार्ग आंतर संपर्कता सुधार परियोजना, जल क्षेत्र सुधार परियोजना, पीएमजीएसवाई ग्रामीण सड़क परियोजना। 2015-16 के दौरान आईबीआरडी ने संअ. 2015-16 के ₹6,085 करोड़ के मुकाबले ₹3,189.50 करोड़ का ऋण और ₹48 करोड़ अनुदान के रूप में संवितरित किए हैं। ब.अ. 2016-17 में ₹7,954 करोड़ का अनुमान है।

आईबीआरडी मुख्यतः विद्युत क्षेत्र के सीपीएसयू और पीएसबी को भी सॉवरेन गारंटी ऋण प्रदान करता है।

VI(ख). अंतरराष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए)

आईडीए विश्व बैंक की रियायती शाखा है और बैंक के गरीबी कम करने के मिशन को सहायता देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। आईडीए अपने सदस्य देशों को रियायती ऋण देता है। आईडीए से लिए गए ऋण की वापसी अदायगी इस समय 25 वर्ष है जिसमें 5 वर्ष की छूट अवधि शामिल है। आईडीए की निधियां मुख्यतः सामाजिक क्षेत्र की ऐसी परियोजनाओं में प्रयुक्त की जाती हैं जो एमडीजी प्राप्त करने में योगदान करती हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना, द्वितीय तकनीकी/इंजीनियरिंग शिक्षा गुणवत्ता सुधार परियोजना, माध्यमिक शिक्षा परियोजना और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सहायता परियोजना जैसे भारत के फ्लैगशिप विकास कार्यक्रमों को आईडीए ऋणों जो अधिकांश एसडीआर में होता है किन्तु अमरीकी डालर में संवितरित और पुनः अदा किया जाता है, द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है।

वर्तमान संवितरण ऋणों की संख्या 58 है। 67.30 मिलियन एसडीआर और 883.4 मिलियन अमरीकी डालर के 5 नए करार भारत और आईडीए के बीच 2015-16 में हस्ताक्षरित किए गए थे जो इस प्रकार हैं-'राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम उपशमन परियोजना; आंध्र प्रदेश समावेशी विकास परियोजना; 'इंहैंसिंग टीचर इफेक्टीवनेस इन बिहार आपरेशन; 'राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम उपशमन परियोजना-' और 'आंध्र प्रदेश आपदा रिकवरी परियोजना'।

आईडीए सहायता के माध्यम से चल रही कुछ मुख्य परियोजनाएं इस प्रकार हैं-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना, तृतीय प्राथमिक शिक्षा परियोजना, उत्तराखंड आपदा रिकवरी परियोजना। आईडीए द्वारा 2015-16 में संअ. 2015-16 के ₹9,136 करोड़ के मुकाबले ₹5,802 करोड़ का संवितरण किया गया है। बअ 2016-17 का अनुमान ₹9,878 करोड़ है।

अनुबन्ध-10

बजट अनुमान 2016-2017 के लिए केन्द्रीय करों और शुल्कों की निवल प्राप्तियों का राज्यवार वितरण दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रुपए)

क्रम सं.	राज्य	हिस्सा (प्रतिशत)*	निगम कर (0020)	आय कर@ (0021)	धन कर (0032)	सीमा शुल्क (0037)	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (0038)	अन्य कर और शुल्क (0045)	जोड़ (4 से 9)	हिस्सा (प्रतिशत)*	सेवा कर (0044)	कुल जोड़ (10+12)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	आन्ध्र प्रदेश	4.305	7729.34	5990.02	-0.23	3851.29	3077.09	-0.01	20647.50	4.398	3989.86	**24637.36**
2.	अरुणाचल प्रदेश	1.370	2459.74	1906.23	-0.07	1225.62	979.24	0.00	6570.76	1.431	1298.20	**7868.96**
3.	असम	3.311	5944.68	4606.96	-0.18	2962.05	2366.60	-0.01	15880.10	3.371	3058.17	**18938.27**
4.	बिहार	9.665	17352.86	13447.97	-0.53	8646.40	6908.25	-0.01	46354.94	9.787	8878.77	**55233.71**
5.	छत्तीसगढ़	3.080	5529.93	4285.54	-0.17	2755.40	2201.49	0.00	14772.19	3.166	2872.19	**17644.38**
6.	गोवा	0.378	678.67	525.95	-0.02	338.16	270.18	0.00	1812.94	0.379	343.83	**2156.77**
7.	गुजरात	3.084	5537.12	4291.11	-0.17	2758.98	2204.35	0.00	14791.39	3.172	2877.64	**17669.03**
9.	हरियाणा	1.084	1946.25	1508.29	-0.06	969.76	774.81	0.00	5199.05	1.091	989.75	**6188.80**
9.	हिमाचल प्रदेश	0.713	1280.14	992.08	-0.04	637.86	509.63	0.00	3419.67	0.722	655.00	**4074.67**
10.	जम्मू और कश्मीर	1.854	3328.73	2579.67	-0.10	1658.61	1325.18	0.00	8892.09	0.000	0.00	**8892.09**
11.	झारखंड	3.139	5635.87	4367.63	-0.17	2808.18	2243.66	-0.01	15055.16	3.198	2901.22	**17956.38**
12.	कर्नाटक	4.713	8461.88	6557.71	-0.26	4216.29	3368.71	-0.01	22604.32	4.822	4374.52	**26978.84**
13.	केरल	2.500	4488.58	3478.52	-0.14	2236.52	1786.93	0.00	11990.41	2.526	2291.59	**14282.00**
14.	मध्य प्रदेश	7.548	13551.93	10502.36	-0.41	6752.51	5395.08	-0.01	36201.46	7.727	7009.93	**43211.39**
15.	महाराष्ट्र	5.521	9912.59	7681.97	-0.30	4939.14	3946.25	-0.01	26479.64	5.674	5147.45	**31627.09**
16.	मणिपुर	0.617	1107.78	858.50	-0.03	551.97	441.01	0.00	2959.23	0.623	565.19	**3524.42**
17.	मेघालय	0.642	1152.67	893.28	-0.03	574.34	458.88	0.00	3079.14	0.650	589.68	**3668.82**
18.	मिजोरम	0.460	825.90	640.05	-0.03	411.52	328.79	0.00	2206.23	0.464	420.94	**2627.17**
19.	नागालैण्ड	0.498	894.13	692.92	-0.03	445.52	355.96	0.00	2388.50	0.503	456.32	**2844.82**
20.	ओडिशा	4.642	8334.40	6458.92	-0.25	4152.78	3317.96	-0.01	22263.80	4.744	4303.76	**26567.56**
21.	पंजाब	1.577	2831.40	2194.25	-0.09	1410.80	1127.19	0.00	7563.55	1.589	1441.54	**9005.09**
22.	राजस्थान	5.495	9865.91	7645.79	-0.30	4915.88	3927.66	-0.01	26354.93	5.647	5122.96	**31477.89**
23.	सिक्किम	0.367	658.92	510.65	-0.02	328.32	262.32	0.00	1760.19	0.369	334.76	**2094.95**
24.	तमिलनाडु	4.023	7223.03	5597.64	-0.22	3599.01	2875.52	-0.01	19294.97	4.104	3723.15	**23018.12**
25.	तेलंगाना	2.437	4375.47	3390.86	-0.13	2180.16	1741.90	0.00	11688.26	2.499	2267.09	**13955.35**
26.	त्रिपुरा	0.642	1152.67	893.28	-0.03	574.34	458.88	0.00	3079.14	0.648	587.87	**3667.01**
27.	उत्तर प्रदेश	17.959	32244.19	24988.32	-0.98	16066.29	12836.55	-0.04	86134.33	18.205	16515.58	**102649.91**
28.	उत्तराखंड	1.052	1888.80	1463.76	-0.06	941.13	751.94	0.00	5045.57	1.068	968.89	**6014.46**
29.	पश्चिम बंगाल	7.324	13149.75	10190.68	-0.40	6552.12	5234.98	-0.01	35127.12	7.423	6734.15	**41861.27**
	जोड़	**100.00**	**179543.33**	**139140.91**	**-5.45**	**89460.95**	**71476.99**	**-0.15**	**479616.58**	**100.00**	**90720.00**	**570336.58**

***** *चौदहवें वित्त आयोग की स्वीकृत अनुशंसाओं के अनुसार, हिस्सेदारी योग्य केन्द्रीय करों की निवल प्राप्तियों में राज्य का हिस्सा 42% निश्चित किया गया है।*

@ आय कर में प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) शामिल है।

संशोधित अनुमान 2015-2016 के लिए केन्द्रीय करों और शुल्कों की निवल प्राप्तियों का राज्यवार वितरण दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रुपए)

क्रम सं.	राज्य	हिस्सा (प्रतिशत)*	निगम कर (0020)	आय कर@ (0021)	धन कर (0032)	सीमा शुल्क (0037)	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (0038)	अन्य कर और शुल्क (0045)	जोड़ (4 से 9)	हिस्सा (प्रतिशत)*	सेवा कर (0044)	जोड़ (10+12)	सं.अ. 2015-16 में देय 2014-15 (वास्तविक सं.अ.) का अंतर	कुल जोड़ (13+14)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1.	आन्ध्र प्रदेश	4.305	7088.80	5046.14	-0.21	3508.82	2804.39	-0.01	18447.93	4.398	3788.16	**22236.09**	-342.30	**21893.79**
2.	अरुणाचल प्रदेश	1.370	2255.90	1605.86	-0.07	1116.63	892.45	0.00	5870.77	1.431	1232.57	**7103.34**	-27.76	**7075.58**
3.	असम	3.311	5452.04	3881.02	-0.16	2698.65	2156.87	-0.01	14188.41	3.371	2903.56	**17091.97**	-307.09	**16784.88**
4.	बिहार	9.665	15914.81	11328.91	-0.47	7877.53	6296.03	-0.01	41416.80	9.787	8429.90	**49846.70**	-924.02	**48922.68**
5.	छत्तीसगढ़	3.080	5071.66	3610.25	-0.15	2510.38	2006.39	0.00	13198.53	3.166	2726.99	**15925.52**	-209.05	**15716.47**
6.	गोवा	0.378	622.43	443.08	-0.02	308.09	246.24	0.00	1619.82	0.379	326.45	**1946.27**	-22.51	**1923.76**
7.	गुजरात	3.084	5078.25	3614.94	-0.15	2513.64	2009.00	0.00	13215.68	3.172	2732.16	**15947.84**	-257.41	**15690.43**
8.	हरियाणा	1.084	1784.96	1270.62	-0.05	883.52	706.15	0.00	4645.20	1.091	939.72	**5584.92**	-88.70	**5496.22**
9.	हिमाचल प्रदेश	0.713	1174.06	835.75	-0.03	581.14	464.47	0.00	3055.39	0.722	621.88	**3677.27**	-66.10	**3611.17**
10.	जम्मू और कश्मीर	1.854	3052.88	2173.18	-0.09	1511.12	1207.74	0.00	7944.83	0.000	0.00	**7944.83**	-131.35	**7813.48**
11.	झारखंड	3.139	5168.81	3679.41	-0.15	2558.46	2044.83	-0.01	13451.35	3.198	2754.55	**16205.90**	-237.15	**15968.75**
12.	कर्नाटक	4.713	7760.63	5524.38	-0.23	3841.36	3070.17	-0.01	20196.30	4.822	4153.36	**24349.66**	-366.32	**23983.34**
13.	केरल	2.500	4116.61	2930.40	-0.12	2037.64	1628.56	0.00	10713.09	2.526	2175.74	**12888.83**	-198.16	**12690.67**
14.	मध्य प्रदेश	7.548	12428.86	8847.45	-0.37	6152.05	4916.96	-0.01	32344.94	7.727	6655.54	**39000.48**	-602.64	**38397.84**
15.	महाराष्ट्र	5.521	9091.12	6471.49	-0.27	4499.93	3596.52	-0.01	23658.78	5.674	4887.22	**28546.00**	-440.05	**28105.95**
16.	मणिपुर	0.617	1015.98	723.22	-0.03	502.89	401.93	0.00	2643.99	0.623	536.61	**3180.60**	-38.18	**3142.42**
17.	मेघालय	0.642	1057.14	752.53	-0.03	523.27	418.22	0.00	2751.13	0.650	559.87	**3311.00**	-34.54	**3276.46**
18.	मिजोरम	0.460	757.46	539.19	-0.02	374.93	299.66	0.00	1971.22	0.464	399.66	**2370.88**	-22.77	**2348.11**
19.	नागालैण्ड	0.498	820.03	583.73	-0.02	405.90	324.41	0.00	2134.05	0.503	433.25	**2567.30**	-26.58	**2540.72**
20.	ओडिशा	4.642	7643.72	5441.16	-0.22	3783.50	3023.92	-0.01	19892.07	4.744	4086.18	**23978.25**	-404.50	**23573.75**
21.	पंजाब	1.577	2596.76	1848.49	-0.08	1285.34	1027.30	0.00	6757.81	1.589	1368.66	**8126.47**	-117.57	**8008.90**
22.	राजस्थान	5.495	9048.31	6441.01	-0.27	4478.74	3579.59	-0.01	23547.37	5.647	4863.96	**28411.33**	-495.40	**27915.93**
23.	सिक्किम	0.367	604.32	430.18	-0.02	299.13	239.07	0.00	1572.68	0.369	317.83	**1890.51**	-20.23	**1870.28**
24.	तमिलनाडु	4.023	6624.45	4715.59	-0.19	3278.98	2620.69	-0.01	17239.51	4.104	3534.92	**20774.43**	-420.57	**20353.86**
25.	तेलंगाना	2.437	4012.87	2856.55	-0.12	1986.29	1587.53	0.00	10443.12	2.499	2152.48	**12595.60**	-244.88	**12350.72**
26	त्रिपुरा	0.642	1057.14	752.53	-0.03	523.27	418.22	0.00	2751.13	0.648	558.15	**3309.28**	-43.26	**3266.02**
27.	उत्तर प्रदेश	17.959	29572.07	21050.79	-0.87	14637.61	11698.96	-0.02	76958.54	18.205	15680.62	**92639.16**	-1665.50	**90973.66**
28.	उत्तराखंड	1.052	1732.27	1233.11	-0.05	857.44	685.30	0.00	4508.07	1.068	919.91	**5427.98**	-94.79	**5333.19**
29.	पश्चिम बंगाल	7.324	12060.02	8584.89	-0.35	5969.48	4771.04	-0.01	31385.07	7.423	6393.70	**37778.77**	-614.84	**37163.93**
	जोड़	**100.00**	**164664.36**	**117215.85**	**-4.84**	**81505.73**	**65142.61**	**-0.13**	**428523.58**	**100.00**	**86133.60**	**514657.18**	**-8464.22**	**506192.96**

* *चौदहवें वित्त आयोग की स्वीकृत अनुशंसाओं के अनुसार, हिस्सेदारी योग्य केन्द्रीय करों की निवल प्राप्तियों में राज्य का हिस्सा 42% निश्चित किया गया है।*

@ *आय कर में प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) शामिल है।*

अनुबन्ध-10 ख

वास्तविक 2014-2015 के लिए केन्द्रीय करों और शुल्कों की निवल प्राप्तियों का राज्यवार वितरण दर्शाने वाला विवरण

(करोड़ रुपए)

क्रम सं.	राज्य	हिस्सा (प्रतिशत)*	निगम कर (0020)	आय कर@ (0021)	धन कर (0032)	सीमा शुल्क (0037)	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (0038)	अन्य कर और शुल्क (0045)	व्यय कर (0028)	जोड़ (4 से 10)	हिस्सा (प्रतिशत)	सेवा कर (0044)	कुल जोड़ (11+13)	सं.अ. 2014-15 के अनुसार राज्यों के हिस्से की सुपुर्दगी	सं.अ. 2015-16 में देय 2014-15 (वास्तविक सं.अ) का अंतर (14-15)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
1.	आन्ध्र प्रदेश	4.044	4750.57	3129.93	13.92	2243.38	1465.64	15.05	0.14	11618.63	4.108	2146.00	**13764.63**	14106.93	-342.30
2.	अरुणाचल प्रदेश	0.328	385.31	253.86	1.13	181.96	118.88	1.22	0.01	942.37	0.332	173.43	**1115.80**	1143.56	-27.76
3.	असम	3.628	4261.88	2807.96	12.49	2012.61	1314.87	13.51	0.13	10423.45	3.685	1925.02	**12348.47**	12655.56	-307.09
4.	बिहार	10.917	12824.42	8449.43	37.59	6056.13	3956.58	40.64	0.38	31365.17	11.089	5792.84	**37158.01**	38082.03	-924.02
5.	छत्तीसगढ़	2.470	2901.56	1911.71	8.50	1370.21	895.19	9.20	0.09	7096.46	2.509	1310.69	**8407.15**	8616.20	-209.05
6.	गोवा	0.266	312.47	205.88	0.92	147.56	96.41	0.99	0.01	764.24	0.270	141.05	**905.29**	927.80	-22.51
7.	गुजरात	3.041	3572.32	2353.64	10.47	1686.97	1102.13	11.32	0.11	8736.96	3.089	1613.68	**10350.64**	10608.05	-257.41
8.	हरियाणा	1.048	1231.11	811.12	3.61	581.37	379.82	3.90	0.04	3010.97	1.064	555.83	**3566.80**	3655.50	-88.70
9.	हिमाचल प्रदेश	0.781	917.46	604.47	2.69	433.25	283.05	2.91	0.03	2243.86	0.793	414.26	**2658.12**	2724.22	-66.10
10.	जम्मू और कश्मीर	1.551	1821.99	1200.43	5.34	860.41	562.12	5.77	0.05	4456.11	0.000	0.00	**4456.11**	4587.46	-131.35
11.	झारखंड	2.802	3291.57	2168.66	9.65	1554.39	1015.51	10.43	0.10	8050.31	2.846	1486.74	**9537.05**	9774.20	-237.15
12.	कर्नाटक	4.328	5084.19	3349.74	14.90	2400.93	1568.57	16.11	0.15	12434.59	4.397	2296.97	**14731.56**	15097.88	-366.32
13.	केरल	2.341	2750.02	1811.86	8.06	1298.65	848.43	8.72	0.08	6725.82	2.378	1242.25	**7968.07**	8166.23	-198.16
14.	मध्य प्रदेश	7.120	8364.01	5510.66	24.52	3949.77	2580.46	26.51	0.25	20456.18	7.232	3777.96	**24234.14**	24836.78	-602.64
15.	महाराष्ट्र	5.199	6107.37	4023.87	17.90	2884.11	1884.24	19.35	0.18	14937.02	5.281	2758.77	**17695.79**	18135.84	-440.05
16.	मणिपुर	0.451	529.80	349.06	1.55	250.19	163.45	1.68	0.01	1295.74	0.458	239.26	**1535.00**	1573.18	-38.18
17.	मेघालय	0.408	479.28	315.78	1.41	226.33	147.87	1.52	0.01	1172.20	0.415	216.79	**1388.99**	1423.53	-34.54
18.	मिजोरम	0.269	316.00	208.20	0.93	149.23	97.49	1.00	0.01	772.86	0.273	142.61	**915.47**	938.24	-22.77
19.	नागालैण्ड	0.314	368.86	243.03	1.08	174.19	113.80	1.17	0.01	902.14	0.318	166.12	**1068.26**	1094.84	-26.58
20.	ओडिशा	4.779	5613.99	3698.80	16.45	2651.11	1732.02	17.79	0.17	13730.33	4.855	2536.23	**16266.56**	16671.06	-404.50
21.	पंजाब	1.389	1631.69	1075.04	4.78	770.54	503.41	5.17	0.05	3990.68	1.411	737.10	**4727.78**	4845.35	-117.57
22.	राजस्थान	5.853	6875.64	4530.04	20.15	3246.91	2121.27	21.79	0.20	16816.00	5.945	3105.64	**19921.64**	20417.04	-495.40
23.	सिक्किम	0.239	280.76	184.98	0.82	132.58	86.62	0.89	0.01	686.66	0.243	126.94	**813.60**	833.83	-20.23
24.	तमिलनाडु	4.969	5837.18	3845.86	17.11	2756.52	1800.88	18.50	0.17	14276.22	5.047	2636.53	**16912.75**	17333.32	-420.57
25.	तेलंगाना	2.893	3398.46	2239.09	9.96	1604.87	1048.49	10.77	0.10	8311.74	2.939	1535.32	**9847.06**	10091.94	-244.88
26.	त्रिपुरा	0.511	600.28	395.50	1.76	283.47	185.20	1.90	0.02	1468.13	0.519	271.12	**1739.25**	1782.51	-43.26
27.	उत्तर प्रदेश	19.677	23114.97	15229.40	67.75	10915.67	7131.41	73.25	0.68	56533.13	19.987	10441.11	**66974.24**	68639.74	-1665.50
28.	उत्तराखंड	1.120	1315.69	866.85	3.86	621.31	405.92	4.17	0.04	3217.84	1.138	594.48	**3812.32**	3907.11	-94.79
29.	पश्चिम बंगाल	7.264	8533.17	5622.12	25.01	4029.65	2632.65	27.04	0.25	20869.89	7.379	3854.75	**24724.64**	25339.48	-614.84
	जोड़	**100.00**	**117472.02**	**77396.97**	**344.31**	**55474.27**	**36242.38**	**372.27**	**3.48**	**287305.70**	**100.00**	**52239.49**	**339545.19**	**348009.41**	**-8464.22**

***** *तेरहवें वित्त आयोग की स्वीकृत अनुशंसाओं के अनुसार, हिस्सेदारी योग्य केन्द्रीय करों की निवल प्राप्तियों में राज्य का हिस्सा 32% निश्चित किया गया है।*

@ आय कर में प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) शामिल है।

अनुबन्ध - 11

जुटाए गए लेकिन वसूल न किए गए कर राजस्व (मुख्य कर)

(एफआरबीएम नियमावली 2004 के नियम 6 के अंतर्गत)

(रिपोर्ट वर्ष 2014-15, के अंत की स्थिति के अनुसार)

मुख्य शीर्ष	विवरण	विवादास्पद राशियां (करोड़ रुपए)					विवादरहित राशियां (करोड़ रुपए)					कुल जोड़
		1 वर्ष से अधिक परंतु 2 वर्ष से कम	2 वर्ष से अधिक परंतु 5 वर्ष से कम	5 वर्ष से अधिक परंतु 10 वर्ष से कम	10 वर्ष से अधिक	**जोड़**	1 वर्ष से अधिक परंतु 2 वर्ष से कम	2 वर्ष से अधिक परंतु 5 वर्ष से कम	5 वर्ष से अधिक परंतु 10 वर्ष से कम	10 वर्ष से अधिक	**जोड़**	
	आय एवं व्यय पर कर	**206611.00**	**252105.00**	**21251.00**	**17879.00**	**497846.00**	**39249.00**	**18797.00**	**5478.00**	**3033.00**	**66557.00**	**564403.00**
0020	निगम कर	144001.00	64570.00	11026.00	1334.00	220931.00	25111.00	11590.00	3899.00	2143.00	42743.00	263674.00
0021	निगम कर को छोड़कर आय पर कर	62610.00	187535.00	10225.00	16545.00	276915.00	14138.00	7207.00	1579.00	890.00	23814.00	300729.00
	वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर	**35626.46**	**60475.54**	**17710.49**	**3298.01**	**117110.50**	**2914.15**	**4215.41**	**5600.42**	**6517.99**	**19247.97**	**136358.47**
0037	सीमा शुल्क	2782.42	5552.16	2144.67	357.81	10837.06	580.82	1344.56	1657.62	1125.98	4708.98	15546.04
0038	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क	11454.50	19189.36	7812.60	2796.82	41253.28	1162.23	1856.66	3128.01	4105.07	10251.97	51505.25
0044	सेवा कर	21389.54	35734.02	7753.22	143.38	65020.16	1171.10	1014.19	814.79	1286.94	4287.02	69307.18
	जोड़	**242237.46**	**312580.54**	**38961.49**	**21177.01**	**614956.50**	**42163.15**	**23012.41**	**11078.42**	**9550.99**	**85804.97**	**700761.47**

अनुबन्ध - 12

कर-भिन्न राजस्व की बकाया राशि

(एफआरबीएम नियमावली, 2004 के नियम 6 के अंतर्गत)

(रिपोर्ट वर्ष 2014-15 के अंत की स्थिति के अनुसार)

(करोड़ रुपए)

विवरण	लंबित धनराशि					जोड़
	0-1 वर्ष	1-2 वर्ष	2-3 वर्ष	3-5 वर्ष	5 वर्ष से अधिक	
राजकोषीय सेवाएं	**1380.99**	**1219.70**	**1263.35**	**1986.59**	**29331.55**	**35182.17**
ब्याज प्राप्तियां	**1339.87**	**1219.70**	**1263.35**	**1986.59**	**29331.55**	**35141.05**
जिसमें						
राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से	121.75	8.43	8.52	30.87	1007.60	1177.17
रेलवे से	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों से	0.34	0.34	0.34	0.14	3.15	4.30
सरकारी क्षेत्र एवं अन्य उपक्रमों से	1217.78	1210.93	1254.49	1955.58	28320.80	33959.58
लाभांश एवं लाभ	**41.12**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**41.12**
सामान्य सेवाएं	**5568.22**	**3752.88**	**3117.82**	**4101.08**	**3020.22**	**19560.22**
पुलिस प्राप्तियां	5568.22	3752.88	3117.82	4101.08	3020.22	19560.22
आर्थिक सेवाएं	**3598.15**	**7822.82**	**4337.97**	**276.08**	**209.90**	**16244.92**
पेट्रोलियम उपकर/रायल्टी	25.69	9.33	3.34	1.58	1.68	41.62
संचार (लाइसेंस शुल्क) प्राप्तियां	3572.46	7813.49	4334.63	274.50	208.22	16203.30
अन्य प्राप्तियां	**5646.58**	**7207.63**	**13226.43**	**622.99**	**10270.53**	**36974.16**
जोड़	**16193.93**	**20003.03**	**21945.57**	**6986.74**	**42832.20**	**107961.47**

टिप्पणी:

1. ये आंकड़े संबंधित मंत्रालयों की रिपोर्टों से संकलित हैं, विभाग किसी चालू संराधन/परिसमापन/विवादों के परिणामों और आंकड़ों के संग्रहण संबंधी सुधारों से प्रभावित हो सकते हैं।

अनुबंध 13

2016-17 के दौरान देय बाजार ऋण

(करोड़ रुपए)

क्र.सं.	ऋण का नाम	परिपक्वता की तारीख		राशि
	बाजार ऋण			
1	7.59% सरकारी स्टॉक, 2015	12.04.2016		50462.81
2	10.71% सरकारी ऋण, 2015	19.04.2016		8464.95
3	भारत सरकार परिवर्तनीय दर बॉण्ड, 2016	07.05.2016		6000.00
4	5.59% सरकारी स्टॉक, 2015	04.06.2016		6000.00
5	12.30% सरकारी ऋण 2016	02.07.2016		13129.85
6	7.08% सरकारी स्टॉक, 2016	17.08.2016		38093.26
7	8.07% सरकारी स्टॉक, 2017	15.01.2017		69000.00
8	**कुल पुनर्भुगतान**			**191150.87**
	घटाइए 2016-17 के बकाया स्टॉक से प्रतिभूतियों में अंतरित करने हेतु 2015-16 में प्रवधान			*17821.02*
9	2016-17 में की जाने वाली अदायगियां (8-9)			**173329.85**
10	2015-16 में 2016-17 के बाद बकाया स्टॉक से अंतरण के लिए प्रावधान		*18500.00*	
11	2016-17 में सरकारी स्टॉक से अंतरण/वापसी खरीद के लिए प्रावधान			
	(i) **बकाया स्टॉक से प्रतिभूतियां**		-75000.00	
	(ii) **अधिक अवधि के लिए प्रतिभूतियां**		75000.00	

अनुबंध ***14***

रेल : प्रारक्षित निधियां

(करोड़ रुपए)

विवरण	वास्तविक 2014-15	बजट 2014-15	संशोधित 2015-16	बजट 2016-17
रेल पेंशन निधि				
जमा	29714.85	35345.91	34947.21	42971.50
नामे	28730.47	33220.00	33220.00	45500.00
निवल	984.38	2125.91	1727.21	-2528.50
रेल अवमूल्यन प्रारक्षित निधि				
जमा	8043.24	8199.12	5739.08	3413.45
नामे	7286.93	7500.00	7300.00	3160.00
निवल	756.31	699.12	-1560.92	253.45
रेल विकास निधि				
जमा	1571.18	5951.03	1416.59	2545.98
नामे	2611.07	4000.00	3045.36	2515.00
निवल	-1039.89	1951.03	-1628.77	30.98
रेल पूंजी निधि				
जमा	6280.83	7701.97	6348.55	5782.77
नामे	5449.24	6293.00	6293.00	7000.00
निवल	831.59	1408.97	55.55	-1217.23
रेल ऋण प्रारक्षित निधि				
जमा	0.00	934.16	3870.85	322.91
नामे	0.00	0.00	0.00	3000.00
निवल	0.00	934.16	3870.85	-2677.09
रेल सुरक्षा निधि				
जमा	1498.61	1648.21	2510.21	10782.61
नामे	2206.44	1645.60	2506.40	10739.26
निवल	-707.83	2.61	3.81	43.35
जोड़	**824.56**	**7121.80**	**2467.73**	**-6095.04**

केन्द्रीय कर प्रणाली के अंतर्गत कर प्रोत्साहनों के राजस्व प्रभाव के संबंध में विवरण

वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16

किसी भी कर प्रणाली का मुख्य उद्देश्य, सरकारी खर्चों को वित्तपोषित करने के लिए राजस्व जुटाना होता है। जुटाए गए राजस्व की राशि मुख्यतः सामूहिक कर आधार और प्रभावी कर दरों पर निर्भर होती है। इन दो कारकों का पता विभिन्न उपायों- विशेष कर दरों, छूटों, कटौतियों, रियायतों, आस्थगनों और क्रेडिटों से चलता है। इन उपायों को समेकिंत रूप से कर कर प्रोत्साहन या "कर वरीयता" कहा जाता है। इनका सरकारी राजस्व पर प्रभाव होता है और ये सरकार की महत्वपूर्ण नीति को परिलक्षित करते हैं।

कर नीति विशेष कर प्रोत्साहनों का प्रावधान करती है जिससे कर वरीयता में बढ़ोतरी होती है। इन कर वरीयता परक उपायों का राजस्व पर एक निश्चित प्रभाव पड़ता है तथा इन्हें वरीयता परक करदाताओं को दी जाने वाली अप्रत्यक्ष सब्सिडी के रूप में देखा जा सकता है। इन्हें 'कर व्यय' भी कहा जाता है। प्रायः यह तर्क दिया जाता है कि कर नीति न केवल कारगर बल्कि पारदर्शी भी होनी चाहिए। इसका अर्थ यह है कि कार्यक्रम आयोजना जिसमें राजस्व पर प्रभाव डालने वाले प्रोत्साहनों का प्रयोग करके विशिष्ट नीतिगत उद्देश्यों को पूरा करना अपेक्षित होता है, उसे सुस्पष्ट और पारदर्शी होना चाहिए और बजट निर्माण कार्यक्रम में ऐसे अप्रत्यक्ष परिव्ययों (या राजस्व प्रभाव) को उनके सम्बन्धित कार्यक्रम शीर्षों के अन्तर्गत शामिल किए जाने की आवश्यकता है। राजस्व पर किसी भी रुप में प्रभाव डालने वाले कर प्रोत्साहन अपने आप में कर संविधि में सन्निहित व्यय संबंधी कार्यक्रम हैं।

यह वर्तमान विवरण केन्द्रीय कर प्रणाली के तहत उपलब्ध कर प्रोत्साहनों के राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव का एक विश्लेषण है। कर प्रोत्साहनों के ऐसे राजस्व प्रभाव को पहली-बार संसद के समक्ष बजट 2006-07 के दौरान प्राप्ति बजट 2006-07 के अनुबंध-12 के रूप में परित्यक्त राजस्व का विवरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। इसका सभी ने स्वागत किया और इससे राजकोषीय नीति से सम्बन्धित सम्पूर्ण मुद्दों पर रचनात्मक परिचर्चा सम्भव हो पायी। इससे सरकार की कर नीति और कर व्ययों के मामले में पारदर्शिता लाने के इरादे पर भी विश्वसनीयता की मुहर लगी। इस विवरण के दूसरे संस्करण को बजट 2007-08 के दौरान संसद के समक्ष प्राप्ति बजट के अनुबन्ध-12 के माध्यम से तथा "परित्यक्त राजस्व का विवरण" नामक एक पृथक बजट प्रलेख के रूप में भी प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद इसे बजट 2008-09, से 2014-15 के दौरान संसद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 2015-16 तथा वर्तमान वर्ष में इसे "केन्द्रीय कर सिस्टम के तहत कर प्रोत्साहनों के राजस्व प्रभाव का विवरण" के रुप में अधिक उपयुक्त रुप से परिभाषित किया गया है क्योंकि जोकि वास्तविक रुप में विश्लेषित किया जा रहा है, राजस्व प्रभाव है।

पहले की भांति यह दस्तावेज उन कर प्रोत्साहनों अथवा कर सब्सिडियों के राजस्व प्रभाव को सूचीबद्ध करता है जो केंद्र सरकार की कर प्रणाली का हिस्सा है। ऐसे कर प्रोत्साहनों के कारण राजस्व प्रभाव का अनुमान अधिकांश "कर अधिमानताओं" के संबंध में किया गया है। यह अनुमान वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए है और यही सब से हाल का वर्ष है, जिसके लिए आंकड़े उपलब्ध हैं। फिर भी, वित्तीय वर्ष 2014-15 के कर व्यय के आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए एक प्रयास किया गया है।

कर व्ययों का अनुमान निम्नलिखित अवधारणाओं के आधार पर किया गया हैः

(क) अनुमानों और पूर्वानुमानों का आशय उन संभावित राजस्व प्राप्तियों को दर्शाना है जो छूटों, कटौतियों, भारित कटौतियों और इसी प्रकार के उपायों को हटा कर उगाहे जा सकेंगे। ये अनुमान अल्पावधिक प्रभाव विश्लेषण पर आधारित हैं। वे इस मान्यता पर तैयार किये जाते हैं कि इन उपायों को हटाने से अन्तर्निहित कर आधार प्रभावित नहीं होगा। जिस सीमा तक आर्थिक अभिकर्ताओं के व्यवहार, समग्र आर्थिक क्रियाकलाप और अन्य सरकारी नीतियों में विशिष्ट कर वरीयता के निरसन के साथ बदलाव आ सकता है उसी सीमा तक राजस्व फलितार्थ भिन्न हो सकते हैं।

(ख) प्रत्येक कर रियायत के प्रभाव का निर्धारण, यह मानते हुए कि अन्य सभी कर उपबंध अपरिवर्तित रहेगें, पृथक रूप से किया जाता है । तथापि अनेक कर रियायतें एक दूसरे से जुड़ी हुई होती हैं। अतः, कर प्रोत्साहनों की अन्योन्य क्रिया मिश्रित प्रभाव प्रत्येक प्रावधान के लिए अनुमानों और पूर्वानुमानों को जोड़ कर परिकलित राजस्व प्रभाव से भिन्न हो सकता है।

हालांकि राजस्व प्रभाव की मात्रा को कर व्यय के संदर्भ में बताया गया है किन्तु इसका अभिप्राय यह नहीं है कि राजस्व की इस मात्रा को सरकार द्वारा छोड़ दिया गया है। इसके बजाय इन्हें कतिपय क्षेत्रों को बढ़ावा देने हेतु लक्षित व्यय के रुप में देखा जा सकता है। कुछेक मामलों में कर व्यय के माध्यम से ऐसी अप्रत्यक्ष सब्सिडी द्वारा प्रोत्साहित आर्थिक एवं सामाजिक क्रियाकलाप ऐसे प्रोत्साहनों के न मिलने पर संभवतः नहीं हो पाते या इतने बड़े स्तर पर नहीं हो पाते। विभिन्न कर प्रोत्साहनों की कारण कर व्यय का अनुमान लगाने के लिए अपनाई गई धारणाओं और पद्धतियों का उल्लेख इस विवरण के संबंधित भाग में किया गया है।

प्रत्यक्ष कर

आय कर अधिनियम में, अन्य बातों के साथ-साथ निर्यातों; संतुलित क्षेत्रीय विकास; आधारभूत ढांचागत सुविधाओं की स्थापना; रोजगार; ग्रामीण विकास; वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास; तथा सहकारी क्षेत्र तथा व्यक्तियों द्वारा बचत और धर्मार्थ कार्यों के लिए दान को प्रोत्साहित करने के लिए कर प्रोत्साहनों का प्रावधान है। पूंजी निवेश के लिए प्रोत्साहन के रूप में, त्वरित मूल्यह्रास की भी व्यवस्था की जाती

है। इन कर लाभों में से अधिकांश का फायदा कम्पनी और गैर-कम्पनी करदाताओं दोनों द्वारा उठाया जा सकता है। इस विवरण में उपर्युक्त क्षेत्रों नामतः (क) कंपनियां; (ख) फर्मों, व्यक्तियों के संघ, व्यष्टियों के निकाय आदि तथा; (ग) व्यष्टियों एवं अविभाजित हिन्दू परिवारों के लिए पृथक रुप से कर प्रोत्साहनों का राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव का अनुमान लगाने का प्रयास किया गया है। धर्मार्थ या सामाजिक प्रयोजन की गतिविधियों में संलिप्त संस्थाओं का ब्यौरा भी भाग (घ) में दिया गया है। शीर्ष जिनके अंतर्गत राजस्व प्रभाव का अनुमान लगाया गया है, वे मोटे तौर पर कंपनियों एवं फर्मों आदि दोनों के लिए समान हैं। तथापि, व्यष्टियों के मामले में, कतिपय अन्य शीर्षों को भी सम्मिलित किया गया है क्योंकि ये उनसे ही संबंधित है। कॉरपोरेट क्षेत्र हेतु विवरण अलग-अलग लाभ के स्लैबों में कंपनियों हेतु प्रभावी कर दरों के फैलाव का भी विश्लेषण करते हैं। प्रभावी कर दरों का क्षेत्रवार विश्लेषण करने का भी प्रयास किया गया है।

क. कारपोरेट सेक्टर

बड़े कारोबार मुख्यतः कम्पनियों के रूप में संगठित हैं। आयकर विभाग को वित्त वर्ष 2014-15 (अर्थात कर निर्धारण वर्ष 2015-16) के लिए 30 नवम्बर, 2015 तक 582,889 कम्पनियों से इलेक्ट्रोनिक रूप में प्रस्तुत आयकर विवरणियां प्राप्त हुई हैं। प्रत्येक कंपनी द्वारा अपनी विवरणी इलैक्ट्रौनिक माध्यम से दाखिल करना अपेक्षित होता है। ये विवरणियां वित्त वर्ष 2015-16 में अनुमानित की गई कुल कंपनी विवरणियों का लगभग 90% बैठती हैं । प्राप्त सूचना के आधार पर इन कम्पनियों से वित्त वर्ष 2014-15 में उनकी आय पर 2,98,2005 करोड़ रूपए (अधिभार एवं शिक्षा उपकर सहित) का कम्पनी कर देय है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान लाभांश वितरण कर के रूप में 32,262.95 करोड़ रूपए संदेय है।

कर व्यय का अनुमान लगाने के लिए इन 5,82,889 कम्पनियों[1] के आंकड़ों को विश्लेषण हेतु डाटाबेस से हटा दिया गया था तथा इनका ब्यौरा इस विवरण के परिशिष्ट तथा सारणी 1 से 5 तक में दिया गया है। **सारणी-1** में इन कम्पनियों के मुनाफों की सीमाओं की जानकारी दी गई है। आंकड़ों के विश्लेषण से निम्नलिखित तथ्य उभर कर सामने आएं हैः

- 310730 कम्पनियों (53.31 प्रतिशत) ने वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान कर देने से पहले 9,29,941 करोड़ रूपये का लाभ तथा 1208,658 करोड़ रूपये की कुल आय (कर योग्य आय)[2] की जानकारी दी है।
- 2,54,079 कम्पनियों (43.59 प्रतिशत) ने 1,76,006 करोड़ रूपये के नुकसान होने की सूचना दी है।
- 18080 कम्पनियों (3.10 प्रतिशत) ने शून्य लाभ की जानकारी दी है।

इन **सम्पूर्ण नमूना आंकड़ों की प्रभावी कर दर[3] 24.67 प्रतिशत[4] थी** (जबकि 2013-14 में यह दर 23. 22 प्रतिशत सूचित की गई थी) जबकि सांविधिक कर दर 10 करोड़ तक की आय वाली कंपनियों के मामले में 32.445 प्रतिशत तथा 10 करोड़ रू. से अधिक आय वाली कंपनियों के मामले में 33.99 प्रतिशत थी जिसके फलस्वरुप औसत सांविधिक दर 33.84[5] प्रतिशत[5] थी। कम्पनियां, जिनका कर से पहले लाभ (जिसे इसके बाद पीबीटी के रूप में कहा जाएगा), 500 करोड़ रूपये तथा इससे अधिक था, का कुल पीबीटी में 60.63 प्रतिशत हिस्सा था तथा उनके द्वारा दिया जाने वाला कुल कम्पनी आयकर 56.21 प्रतिशत था। तथापि, उनकी प्रभावी कर दर 22.88 प्रतिशत थी, जबकि उन कम्पनियों जिनकी पीबीटी एक करोड़ रूपए तक था, की प्रभावी कर दर 29.37 प्रतिशत थी। छोटी कंपनियों हेतु प्रभावी कर की यह दर 29.37 है जो कम्पनियों में सांविधिक दर के निकट है वह लाभ संबद्ध कटौतियों के धीरे-2 कम होने तथा कम्पनियों पर न्यूनतम वैकल्पिक दर की उगाही कर परिणाम है। 24.67 प्रतिशत के संपूर्ण नमूने की प्रभावी दर हालांकि वित्त वर्ष 2013-14 की प्रभावी दर 23.22 प्रतिशत से आंशिक रुप से अधिक है। ऐसा विभिन्न लाभ जुड़ी कटौतियों को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने तथा कंपनियों पर न्यूनतम वैकल्पिक कर लगाने के कारण है।

एक करोड़ रुपये तक कर पूर्व मुनाफे वाली कम्पनियों के बारे में कर पूर्व लाभ की कुल आय का अनुपात कुल सैम्पल (76.94 प्रतिशत) के मुकाबले काफी अधिक (95.39 प्रतिशत) है। यह छोटी कंपनियों के लिए काफी उच्चतर 29.37 प्रतिशत की औसत प्रभावी कर दर से भी प्रदर्शित होता है। बड़ी कम्पनियों की तुलना में अपेक्षतया छोटी कम्पनियों के मामले में करों से पहले मुनाफों का यह कम अन्तर प्रदर्शित करता है जो बड़ी कम्पनियों को उपलब्ध कराई जा रही उच्च कर रियायतों के कारण है।

---

[1] *वित्त वर्ष 2013-14 के लिए नमूना आकार 564787 था।*

[2] *आयकर विवरणी में 'कुल आय' कराधेय आय को निरूपित करती है जैसा कि सामान्य बोलचाल की भाषा में अर्थ निकाला जाएगा।*

[3] *कम्पनियों के मामले में प्रभावी कर दर, करों से पूर्व (पीबीटी) कुल लाभों को संदत्त कुल कर (अधिभार एवं शिक्षा उपकर सहित किन्तु लाभांश वितरण कर व अनुषंगी लाभकर शामिल नहीं है।) का अनुपात है एवं प्रतिशत के रूप में दर्शाया गया है।*

[4] *लाभांश वितरण कर सहित प्रभावी कर दर 27.34 प्रतिशत थी।*

[5] *10 करोड़ तक की आयवाली कंपनियों के मामले में 32.445 प्रतिशत की कर दर तथा 10 करोड़ रु. से अधिक आयवाली कंपनियों के मामले में 33.99 प्रतिशत की कर दर का औसत निकास कर औसत सांविधिक कर पर निकाली गई है।*

सारणी 1: करों से पहले मुनाफों की रेंज वाली सैम्पल कम्पनियों की रूपरेखा (वित्तीय वर्ष 2013-14) (सैम्पल आकार-582889)

क्रम सं.	करों से पूर्व लाभ	कम्पनियों की संख्या	कर-पूर्व लाभों में हिस्सा (% में)	कुल आय में हिस्सा (% में)	संदेय कुल कारपोरेट आयकर में हिस्सा (% में)	करों से पूर्व लाभ के अनुपात में कुल आय का प्रतिशत (% में)	प्रभावी कर दर (% में) (लाभ के अनुपात में कर)
1	शून्य से कम	2,54,079	0.00	0.58	0.47		
2	शून्य	18,080	0.00	6.54	2.81		
3	0-1 करोड़ रूपए	2,76,531	2.73	3.38	3.25	95.39	29.37
4	1-10 करोड़ रूपए	26,983	6.76	7.54	7.40	85.44	26.99
5	10-50 करोड़ रूपए	5,130	9.17	9.08	9.48	76.26	25.52
6	50-100 करोड़ रूपए	894	5.16	5.01	5.26	74.83	25.14
7	100-500 करोड़ रूपए	895	15.55	14.56	15.12	72	23.97
8	500 करोड़ रूपए से अधिक	297	60.63	53.31	56.21	67.66	22.88
9	सभी कंपनियां	**582889**	**100.00**	**100.00**	**100.00**	**76.94**	**24.67**

सारणी 2 में प्रभावी कर दरों के संदर्भ में नमूना कम्पनियों की रूप रेखा दी गयी है। इस बात पर गौर किया गया कि 20 प्रतिशत तक की औसत प्रभावी दर वाली 3,37,053 कम्पनियों का हिस्सा कर-पूर्व कुल लाभ का 36.49 प्रतिशत तथा कुल कर योग्य आय का 14.59 प्रतिशत और कुल संदत्त कर का 13.73 प्रतिशत बैठता था। दूसरे शब्दों में अधिकांश कम्पनियों (3,37,053) अर्थात कुल कम्पनियों के 57.82 प्रतिशत हिस्से ने अपने लाभों की तुलना में कर की काफी कम राशि का योगदान दिया। आश्चर्य की बात है किन्तु कुल लाभ का 6.52 प्रतिशत तथा कुल करों का 13. 89 प्रतिशत वाली 52,899 कम्पनियों की प्रभावी कर दर 33.84 प्रतिशत की औसत सांविधिक दर के लगभग बराबर थी । यह कम्पनियों में कर देयता के असमान वितरण को दर्शाता है। यह मुख्यतः संविधान में विभिन्न कर तरजीहों के कारण हैं।

सारणी 2 : नमूना कम्पनियों की प्रभावी कर-दर* की रूपरेखा (वित्तीय वर्ष 2014-15) (नमूना आकार-582889)

क्रम सं.	प्रभावी कर दर (% में)	कम्पनियों की संख्या	कुल लाभों में हिस्सा (% में)	कुल आय में हिस्सा (% में)	संदेय कुल कर में हिस्सा (% में)
1	शून्य से कम तथा शून्य	**3,06,990**	**10.11**	**0.63**	**0.49**
2	0-20	30,063	26.38	13.96	13.24
3	20-25	15,088	10.82	10.45	10.26
4	25-30	23,835	13.47	15.59	15.66
5	30-33.	1,35,934	32.70	45.80	46.46
6	<33.	52,899	6.52	13.56	13.89
7	अनिर्धारित (पीबीटी=0))	18,080	0.00	0.00	0.0
	कुल	**582889**	**100.00**	**100.00**	**100.00**

* प्रभावी कर दर में अधिभार तथा शिक्षा उपकर शामिल है।

सारणी 3 में सरकारी कम्पनियों (केवल पीएसयू) की प्रभावी कर दर की तुलना निजी कम्पनियों से की गयी है। हालांकि दोनों श्रेणियों की दर सांविधिक दर के मुकाबले कम है, फिर भी निजी क्षेत्र की कम्पनियां सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों की तुलना में अपने मुनाफे की बहुत बड़ी राशि कर के रूप में देती हैं।

सारणी 3 : सरकारी और निजी क्षेत्रों में सैम्पल कम्पनियों की प्रभावी कर दर* (वित्त वर्ष 2014-15) (नमूना आकार-582889)

क्रम सं.	क्षेत्र	कम्पनियों की संख्या	कुल लाभों में हिस्सा (% में)	संदेय कुल कर में हिस्सा (% में)	प्रभावी कर दर (% में)
1	सार्वजनिक	218#	21.37	20.23	25.03
2	निजी	582671	78.63	79.77	23.36
	योग	**582889**	**100.00**	**100.00**	**24.67**

** प्रभावी कर दर में अधिभार और शिक्षा उपकर शामिल है।*

 # कर-निर्धारिती कम्पनियों (पीएसयू) द्वारा उनकी विवरणियों में दी गई सूचना पर आधारित।

सारणी 4 में सैम्पल कम्पनियों के मामले में विनिर्माण क्षेत्र तथा सेवा क्षेत्र की प्रभावी कर दरों के मध्य में तुलना दर्शायी गई है। विनिर्माण क्षेत्र की प्रभावी दर (22.06 प्रतिशत) सेवा क्षेत्र की उच्च प्रभावी कर दर 26.73 प्रतिशत की तुलना में कम है । इन दोनों क्षेत्रों की प्रभावी कर दर 33. 84 प्रतिशत है जो कि औसत सांविधिक दर से काफी कम है।

सारणी 4 : विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में सैम्पल कम्पनियों की प्रभावी कर दर* (वित्त वर्ष 2014-15) (नमूना आकार - 582889)

क्रम सं.	क्षेत्र	कम्पनियों की संख्या	कुल लाभों में हिस्सा (% में)	संदेय कुल कर में हिस्सा (% में)	प्रभावी कर दर (% में)
1	विनिर्माण	1,28,095	44.05	39.38	22.06
2	सेवा	4,54,794	55.95	60.62	26.73
	योग	**5,82,889**	**100.00**	**100.00**	**24.67**

** प्रभावी कर दर में अधिभार और शिक्षा उपकर शामिल है।*

सारणी 5 वित्त वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के दौरान हुए कर व्यय के संबंध में कम्पनी करदाताओं पर प्रमुख कर व्ययों के ब्यौरे देती है। यह विश्लेषण 30 नवम्बर, 2015 तक दाखिल की गई कम्पनी विवरणियों पर आधारित है जो वित्त वर्ष 2015-16 में अपेक्षित विवरणियों का 90 प्रतिशत है। तथापि, कम्पनियों द्वारा विवरणी दाखिल करने की देय तिथि 30 नवम्बर या उससे पूर्व है तथा विश्लेषित अधिकांश कर रियायतों द्वारा ऐसे प्रोत्साहन के दावे के प्रयोजनार्थ विवरणी का देय तिथि से पूर्व दाखिल किया जाना अपेक्षित होता है। अतः नमूना आंकड़ों में कर व्यय में किसी भी प्रकार से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। इन कम्पनियों द्वारा उठाई गई प्रत्येक कर रियायत से होने वाले कर प्रभाव की गणना, प्रत्येक कटौती की राशि पर 33.84 प्रतिशत की औसत सांविधिक कारपोरेट कर की दर को लागू करके की गई है। बढ़े हुए मूल्य ह्रास वैज्ञानिक अनुसंधान पर हुए व्यय पर कटौती/भारित कटौती तथा जनता के सामाजिक और आर्थिक उन्नयन हेतु पात्र परियोजनाओं/स्कीमों पर व्यय के कारण हुए राजस्व प्रभाव की गणना, कम्पनियों के लाभ और हानि लेखों में डेबिट किए गए मूल्य ह्रास /कटौती और आयकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमत्य मूल्यहास/कटौती के अन्तर से की गई है। इसके पश्चात कर व्यय के आंकड़े पर आने के लिए इस अन्तर पर औसत कारपोरेट कर की 33.84 प्रतिशत की दर, लागू की गई है।

कर व्यय का एक और पहलू कर आस्थगन है। कर आस्थगन तब होता है, जब कर दाता को कर सांविधि के अन्तर्गत उच्चतर कटौतियों की अनुमति दिए जाने के कारण, वह लघु अवधि के लिए कटौती के रूप में एक भत्ते (उदाहरण मूल्यह्रास भत्ता) का दावा करते हुए अपनी कर देयता को अस्थिगत कर सकता है, जहां वह उसी मूल्य ह्रास के दावे को अपने लेखे में कई वर्षों में दिखा रहा होता है। चूंकि मूल्य ह्रास से इस तरह रोकड़ प्राप्त नहीं होता, इसे कर आस्थगन कहते है। दूसरी ओर, कर सांविधि के अन्तर्गत आने वाली कम्पनियों पर लगने वाला न्यूनतम वैकल्पिक कर, कम्पनी द्वारा अपने शेयर धारकों को दिए गए लाभ (कुछ समायोजनों के अधीन) पर देयता (वर्ष 2014-15 के सम्बंध में बुक लाभ पर अधिभार और उपकर सहित 20.99 प्रतिशत की दर से) लगाता है यदि यह देयता सामान्य दरों पर संगणित कर देयता से अधिक है। न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बंध में अधिक देयता की अनुमति, क्रेडिट (10 वर्ष तक) के रूप में उस अगले वर्ष तक दी जाती है जिसमें सामान्य कर देयता, न्यूनतम वैकल्पिक कर से अधिक हो। अतः न्यूनतम वैकल्पिक कर के सम्बंध में अदा किया गया अतिरिक्त कर, भावी कर देयता का अग्रिम भुगतान है। यह मूल्य ह्रास के दावों के कारण कर आस्थगन की अवधि को सीमित करता है तथा इसी दावे को लम्बी अवधि में बांटते हुए लाभ से जुड़ी कटौतियों जैसी अन्य कटौतियों के, कर प्रभाव को कम करता है।

वित्त वर्ष 2014-15 के कर व्यय के आंकड़ों के आधार पर वित्त वर्ष 2015-16 का कर व्यय परिलक्षित किया गया है। वर्ष 2015-16 के सम्बंध में आंकलन, संशोधित अनुमानों के अनुसार वर्ष 2015-16 में परिलक्षित कॉरपोरेट कर वृद्धि द्वारा 2014-15 में प्रत्येक कर प्रोत्साहन पर कर व्यय को गुणा करते हुए किया गया है। सारणी 5, वित्त वर्ष 2014-15 के संबंध में कर व्यय की शर्तों के अनुसार कारपोरेट कर दाताओं पर प्रमुख कर व्यय और वित्त वर्ष 2015-16 का परिलक्षण दर्शाती है।

सारणी 5: वित्त वर्ष 2014-15 और 2015-16 के दौरान कार्पोरेट करदाताओं पर प्रमुख प्रोत्साहनों का राजस्व प्रभाव (सैम्पल आकार - 582889)

क्रम सं.	प्रोत्साहन का स्वरुप	राजस्व प्रभाव (करोड़ रुपए में) (2014-15)	संभावित राजस्व प्रभाव (करोड़ रुपए में) (2015-16)
1.	विशेष आर्थिक क्षेत्रों में स्थित इकाइयों के निर्यात लाभों की कटौती (धारा 10 क और 10 कक)	16685.53	17619.92
2.	बढ़ा हुआ मूल्य ह्रास (धारा 32)	41530.56	43856.27
3.	वैज्ञानिक अनुसंधान पर व्यय के लिए कटौती/भारित कटौती (धारा 35(1), (2कक) तथा (2कख)	8401.97	8872.48
4.	जनता के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पात्र परियोजनाओं या स्कीमों पर व्यय के लिए कटौती (धारा 35कग)	747.34	789.19
5.	विशिष्ट व्यवसाय के संबंध में कटौती (धारा 35कघ)	1790.57	1890.84
6.	धर्मार्थ न्यासों एवं संस्थाओं को दान पर कटौती (धारा 80छ)	992.26	1047.83
7.	वैज्ञानिक अनुसंधान या ग्रामीण विकास के लिए दान पर कटौती (धारा 80छछक)	2.84	3.00
8.	राजनीतिक दलों को अंशदान देने पर कटौती (धारा 80छछख)	111.67	117.93
9.	अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80 झक)	4225.3	4461.92
10.	विशेष आर्थिक क्षेत्रों एवं औद्योगिक पार्कों के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80 झक)	396.3	418.49
11.	दूरसंचार सेवाओं को उपलब्ध कराने में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80 झक)	1745.33	1843.07
12.	विद्युत के उत्पादन, ट्रांसमिशन एवं वितरण में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80- झक)	9621.02	10159.80
13.	विद्युत संयंत्र के पुनरूद्धार में लगी कंपनियों के लाभ में कटौती (धारा-80-झक)	134.98	142.54
14.	विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 के अनुसरण में विशेष आर्थिक क्षेत्रों के विकास में लगे उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80-झकख)	1548.30	1635.01
15.	जम्मू एवं कश्मीर में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80झख)	3119.70	3294.41
16.	जम्मू एवं कश्मीर के अतिरिक्त औद्योगिक रूप से पिछड़े राज्यों में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80झख)	23.87	25.20
17.	पिछड़े जिलों में स्थित औद्योगिक उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80 झख)	2.96	3.12
18.	वैज्ञानिक अनुसंधान के विकास से औद्योगिक क्षेत्रों के होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80-झख)	45.07	47.60
19.	खनिज तेलों और प्राकृतिक गैस के उत्पादन से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80-झख)	3227.32	3408.05
20.	आवासीय परियोजनाओं से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80 झख)	105.42	111.33
21.	शीत श्रृंखला सुविधा के प्रचालन से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80-झख)	3.3	3.48
22.	खाद्य अनाजों की संभाल, भंडारण एवं परिवहन के एकीकृत व्यवसाय		

क्रम सं.	प्रोत्साहन का स्वरुप	राजस्व प्रभाव (करोड़ रुपए में) (2014-15)	संभावित राजस्व प्रभाव (करोड़ रुपए में) (2015-16)
	से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80-झख)	22.05	23.28
23.	फलों एवं सब्जियों के संसाधन, परिरक्षण एवं पैकेजिंग से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा-80 झख)	270.23	285.36
24.	ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सालय से औद्योगिक उपक्रमों को होने वाले लाभों की कटौती (धारा 80-झख)	1.67	1.77
25.	पूर्वोत्तर राज्यों में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा 80-झग)	718.34	758.57
26.	सिक्किम में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80 झग)	959.20	1012.92
27.	उत्तरांचल में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80 झग)	2885.65	3047.25
28.	हिमाचल प्रदेश में स्थापित उपक्रमों के लाभों की कटौती (धारा-80 झग)	1305.7	1378.82
29.	जैविक रूप से नष्ट होने वाले व्यर्थ पदार्थों के एकत्रीकरण एवं संसाधन के व्यवसाय से होने वाले लाभों की कटौती (80-ञञक)	5.4	5.70
30.	नये कामगारों के नियोजन के संबंध में कटौती (80 ञञकक)	91.38	96.50
31.	विदेशी बैंकिंग इकाइयों (ओबीयू) एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र की कतिपय आय के संबंध में कटौती (80-ठक)	0.0	0.00
32.	विशिष्ट क्षेत्रों में होटलों कन्वेंशन सेंटर के सम्बंध में कटौती (धारा 80-झघ)	1.07	1.13
33.	**कुल योग**	1,00,722.31	1,06,362.76
34.	**घटा** न्यूनतम वैकल्पिक कर के कारण अतिरिक्त करदेयता = **46510.50**		
	न्यूनतम वैकल्पिक कर के लेखे के दावे द्वारा कमी = **10,855.40**		
	न्यूनतम वैकल्पिककर के परिणामस्वरूप निबल अतिरिक्त कर = **35655.10**	35655.10	37651.78
	कुल	65,067.21	68,710.98

यद्यपि पिछले वर्ष के विवरण में 2014-15 के लिए प्रक्षेपित कर व्यय (न्यूनतम वैकल्पिक कर के भुगतान के कारण अतिरिक्त कर को छोड़कर) 98,407.60 करोड़ रूपए होने का अनुमान लगाया गया था, जो अब वास्तविक गणना के पश्चात 1,00,722.3 करोड़ रूपए है। एमएटी के परिणामस्वरूप संग्रहित अतिरिक्त कर को ध्यान में रखते हुए, कर प्रोत्साहन का वास्तविक राजस्व प्रभाव 62398.6 करोड़ रूपए के प्रक्षेपित कर व्यय के लिए 65,067.20 करोड़ रूपए थोड़ा अधिक है। इसका एक कारण यह है कि इस वर्ष एमएटी के तरीके द्वारा संग्रहीत अतिरिक्त कर देयता वित्त वर्ष 2013-14 के लिए 6900.6 रूपए से काफी अधिक 10,885.40 करोड़ रूपए है।

बढ़ा हुआ मूल्य ह्रास उस लेखा शीर्ष के लिए है जिसके अंतर्गत कर प्रोत्साहन की सर्वाधिक राशि (41530.56 करोड़ रूपए) प्रदान की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में, विद्युत के उत्पादन, ट्रान्समिशन तथा वितरण से जुड़े उपक्रमों आधारभूत संरचना सम्बन्धी सुविधाओं के विकास से जुड़े उपक्रमों तथा आर्थिक क्षेत्रों में अवस्थित इकाइयों द्वारा ली गई कटौती कुल कर प्रोत्साहन का एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

कम्पनियों की प्रभावी कर दर का उद्योग-वार वितरण इस विवरणी के परिशिष्ट की सारणी में दिया गया है। निम्न रेंज में चीनी सीमेंट क्षेत्र की प्रभावी कर दर क्रमशः 6.95 प्रतिशत तथा 9.01 प्रतिशत है। इसी तरह पट्टे कंपनियों की प्रभावी कर दर भी 1.53 प्रतिशत पर से कम है।

ख. गैर-कारपोरेट (फर्म/ए.ओ.पी/बीओआई) सेक्टर

कार्पोरेट क्षेत्र के अलावा साझेदारी फर्मों, तथा व्यक्तियों के संघ (एओपी) अथवा व्यक्तियों के निकाय (बीओआई) के रूप में भी बड़े व्यवसाय संचालित किए जाते हैं। इन पर कर व्यय कंपनियों जितना अधिक नहीं है। वित्त वर्ष 2014-15 की आय के लिए आयकर विभाग ने 30 नवम्बर तक इलैक्ट्रानिक माध्यम से दायर की गई 7,59,875 विवरणियां प्राप्त की हैं। कर व्यय का अनुमान लगाने के प्रयोजनार्थ, आयकर विभाग के डेटाबेस से 7,59,875 फर्मों/एओपी/बीओपी/बीओआई से संबंधित डेटा चुना गया। वित्त वर्ष 2014-15 में फर्मों/एओपी/बीओआई की समष्टि द्वारा संदत्त कर बड़े हिस्से का कारण है।

इस डेटा का विश्लेषण किया गया तथा निम्नलिखित तथ्य उभर कर सामने आए:

- नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई ने वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान कर पूर्व लाभ के रूप में 1,23,806.90 करोड़ रुपए की सूचना दी

तथा 1,07,532.69 करोड़ रुपए की कुल आय (कराधेय आय) की घोषणा की। 93,511 विवरणियों में हानि दर्शाई गई जो नमूने का 12.30 प्रतिशत है।

- इन नमूना फर्मों/एओपी/बीओआई ने वित्त वर्ष 2014-15 के लिए संदेय आयकर के रूप में (शिक्षा उपकर सहित) 32573.95 करोड़ रुपए सूचित किया है। उनके मामले में प्रभावी कर[6] दर 26.31 प्रतिशत बनती है।

